दैनिक

# उत्तराखण्ड प्रहरी



वर्ष 15 /अंक 33 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, रविवार, 02 अप्रैल 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



जंगे अजीम के गुमनाम हिमाचली नायक

राज्य के समग्र विकास के लिए विभागों को दिये ...



मूल्य- 2 रु.


## मुख्यमंत्री ने की असमय बरसात ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा, कहा-

# सरकार किसानों के साथ



बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है। जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए।

**लखनऊ, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि मार्च में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के नौ जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है तथा संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। एक सरकारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ''मार्च में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के नौ जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है।'' बयान के मुताबिक, ''मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किये जाएं। असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हुई है, उन्हें राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उसका आकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो।'' मुख्यमंत्री ने मौसम पूर्वानुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांवों तक किसान को टीवी, अखबार एवं स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराये जाएं तथा यह पूर्वानुमान 24-48 घंटे का हो, ताकि लोग चौकन्ना रहें और क्षति कम से कम हो। उन्होंने कहा कि बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसलें खराब हो सकती हैं और इनसे फसलों की गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी फसलों की भी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत की जानी चाहिए और इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम में ढील दिये जाने को लेकर आवश्यक प्रस्ताव तैयार किये जाएं।

## महाराष्ट्र : संभाजी नगर में आज एमवीए की रैली, भजपा की सावरकर गौरव यात्रा

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र का छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) शहर रविवार को राज्य में राजनीति शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बनेगा क्योंकि विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) जहां एक ओर यहां रैली का आयोजन करेगी वहीं दूसरी ओर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सावरकर गौरव यात्रा निकालेगी। मराठवाड़ा इलाके के सबसे बड़े शहर में ए राजनीतिक कार्यक्रम कुछ दिन पहले हुए दंगे और आगजनी के बाद हो रहे हैं। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि किसी भी अवांछित घटना के बिना दोनों कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शहर के किरादपुरा में रामनवमी के बीच बुधवार-बृहस्पतिवार को दंगे और आगजनी की घटना हुई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। दंगे में कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचा था और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। एमवीए की रैली रविवार शाम को मराठवाड़ा संस्कृति मंडल मैदान में होगी जिसमें गठबंधन के घटक शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) की ओर से पार्टी अध्यक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से अजित पवार और कांग्रेस से पार्टी की राज्य इकाई प्रमुख नाना पटोले शामिल होंगे।

## यूपी विधानसभा की गरिमा बेहतर बनाने का किया प्रयासः महाना

**लखनऊ (वार्ता)।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को कहा कि उन्होने अपने अब तक के एक वर्ष के कार्यकाल में विधानसभा की गरिमा को बेहतर बनाने के तमाम प्रयास किये जिसमें उन्हे अपेक्षित सफलता भी मिली है। विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री महाना ने कहा कि लोकतंत्र में विधायिका की एक अहम भूमिका होती है। पिछले कुछ वर्षों से विधायिका को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा था। आज खुशी की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर कही भी विधायिका की चर्चा होती है तो वहां उत्तर प्रदेश की भूमिका अग्रणी होती है। उन्होने कहा कि विधानसभा में पेपरलैस करने के प्रयास के तहत सभा में हर सीट पर टेबलेट लगाये गये। हमारे पास 379 सीट थी उसको 417 सीटे की। आज सारे सम्मानित सदस्य विधानसभा के सत्र के दौरान अपनी उस डिवाइस पर काम करते है। उसी के अनुरूप पूरा ऐजेंडा उस पर होता है, उस पर काम करते है।

## कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू पटियाला जेल से रिहा, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**पटियाला, (भाषा)।** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने शनिवार को पटियाला केंद्रीय कारागार से बाहर आते ही केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेडयाँ में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए षडयंत्र रचा जा रहा है। सिद्धू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अखबारी मुख्यमंत्री कहा और कानून-व्यवस्था तथा ऋण के मुद्दे पर उनकी सरकार की आलोचना की। वर्ष 1988 के रोड रेज मौत के मामले में करीब 10 महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को 65 वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई 2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। सिद्धू के वकील ने कहा था कि जेल में उनके अच्छे आचरण के कारण उन्हें समय से पहले रिहा किया जा रहा है। सिद्धू ने सुबह से जेल के बाहर प्रतीक्षा कर रहे पत्रकारों से कहा, देश में जब भी तानाशाही आई तब एक क्रांति आई और आज मैं कहता हूं कि क्रांति का नाम राहुल गांधी है।

## भाजपा सरकार व्यापारियों को कर रही है परेशानः अखिलेश यादव



**कानपुर (वार्ता)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार व्यापारियों को परेशान कर रही है।

अखिलेश ने शनिवार को कानपुर दौरे के दौरान कानपुर अग्निकाण्ड की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए। उनके साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल भी रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि व्यापारियों पर जाति धर्म देखकर छापे मारे जाते हैं। सरकार के जिस विभाग को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए वहीं परेशान कर रहा है। व्यापारी पहले से ही जीएसटी और नोटबंदी से परेशानी में है। ऊपर से ये सरकार छापे मार कर व्यापारियों को प्रताड़ति कर रही है। एक सवाल के जवाब में कहा कि जातीय जनगणना होने से ही सभी जातियों को सामाजिक न्याय मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना हो और सभी जातियों में उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले। भाजपा ओबीसी की दुश्मन है। जो रामराज्य की बात कर रहे हैं वह जातीय जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते हैं? यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। हर चीज के दाम बढ़ गये हैं। जनता परेशान है। बिजली के गलत बिल आ रहे हैं। भाजपा सरकार ने शहरों में न सफाई का कोई इंतजाम किया और न ही कूड़े के निस्तारण की समुचित व्यवस्था की है। केन्द्र और प्रदेश सरकार से जो सफाई के लिए बजट आया उसका भाजपा के लोगों ने क्या किया? शहरों में हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और बिजली का बिल महंगा देना पड़ रहा है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## जर्मन लोकतंत्र न पढ़ाए

राहुल गांधी और भारतीय लोकतंत्र के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर टकराव की मुद्रा में हैं। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग में अपेक्षा की गई है कि राहुल गांधी पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक स्वतंत्रता के मानकों और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का ध्यान रखा जाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने जर्मनी का आभार जताया कि उसने भारत में लोकतंत्र के साथ किए जा रहे समझौतों पर ध्यान दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का बयान कुछ और बयां करता है। दरअसल अब इस अध्याय को बंद किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसदी तकनीकी और संवैधानिक तौर से खारिज की गई है। इस संदर्भ में गौरतलब है कि जब सर्वोच्च अदालत ने दो साल की घोषित न्यायिक सजा पर संसद और विधानसभा सदस्यता रद्द करने का फैसला सुनाया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की कैबिनेट ने एक अध्यादेश पारित किया था। वह न्यायपालिका का पलटजवाब था।

अध्यादेश के जरिए दागी और सजायाफ्ता नेताओं को बचाने के प्रावधान किए गए थे। राहुल गांधी अचानक प्रेस क्लब ऑफ इंडिया गए और उस अध्यादेश की प्रतिलिपि फाड़ते हुए बोले-'नॉनसेंस!' नतीजा यह हुआ कि कैबिनेट को वह अध्यादेश वापस लेने का निर्णय लेना पड़ा। आज अध्यादेश कानूनी तौर पर लागू होता, तो राहुल की सांसदी बच जाती। बहरहाल अब सर्वोच्च अदालत का फैसला लागू है। उसके तहत 15-20 नेताओं की सांसदी रद्द की जा चुकी है। कुछ उदाहरण हैं-चारा घोटाले में जगदीश शर्मा, जद-यू सांसद मित्रसेन यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस सांसद रशीद मसूद, पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता और पूर्व कांग्रेस सांसद राशिद अल्वी आदि। किसी की खारिज सांसदी पर, किसी भी देश ने, हमें लोकतंत्र और न्यायिक स्वतंत्रता का पाठ नहीं पढ़ाया। जर्मनी पर तानाशाह हिटलर ने भी शासन किया था, लिहाजा उसकी परंपराओं में तानाशाही है। वह दुनिया के सबसे बड़े और प्राचीनतम लोकतंत्र भारत को क्या नसीहत दे सकता है? राहुल गांधी ने लंदन में यह इच्छा जरूर जाहिर की थी कि अमरीका और यूरोप के देश खुद को लोकतंत्र का रक्षक मानते हैं। वे ध्यान दें कि एक बड़े देश के लोकतंत्र में क्या हो रहा है? विदेशी दखल की उनकी इच्छा आंशिक तौर पर पूरी हो गई है। राहुल के सामने कानूनी विकल्प आज भी हैं। उन्हें भारत के कानून और विदेशी दखल में से एक विकल्प चुनना है। वह अदालत में चुनौती अब भी दे सकते हैं। उन्हें अदालत में जाना भी चाहिए, क्योंकि पटना उच्च न्यायालय ने 12 अप्रैल को पेश होने का नोटिस भी भेजा है। 'मोदी उपनाम वाले ही चोर..' वाले संदर्भ में भाजपा सांसद एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने भी मानहानि का केस किया था। राहुल अदालत में गुहार लगा कर ऐसे सभी मामलों की एक ही जगह सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। अदालत के जरिए ही जिस तरह लक्षद्वीप के सांसद मुहम्मद फैज़ल की सांसदी बहाल की गई है, उसी तरह राहुल के संदर्भ में भी संभव है। जर्मनी का बयान कितना कारगर साबित हो सकता है? अमरीका और यूरोपीय देश मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आज़ादी संबंधी नसीहतें भारत सरकार को देते रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र को कौन सबक सिखा सकता है? भारत के सभी बड़े देशों से अच्छे रिश्ते हैं।

# जंगे अजीम के गुमनाम हिमाचली नायक

प्रताप सिंह पटियाल

शौर्य से लबरेज वीरभूमि हिमाचल का सैन्य इतिहास किसी तारूफ का मोहताज नहीं है। जब भी मुल्क की हशमत व सालमियत के लिए बलिदान की बात आई तो पहाड़ का सैन्य पराक्रम शूरवीरता की कसौटी पर सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है। पहली जंगे अजीम (1914-1918) में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के परचम तले भारत के लगभग ग्यारह लाख सैनिक फ्रांस, ग्रीस, इटली, अफ्रीका, फिलीस्तीन व मैसोपोटामिया सहित कई देशों में अंग्रेजों की तरफ से लड़े थे। हिमाचल के हजारों सैनिक उस जंग में शामिल हुए थे। इतिहास के अनुसार 20 जून 1914 को आसट्रिया साम्राज्य के वारिस 'आर्कड्यूक फ्रांज फार्डिनांड' तथा उनकी पत्नी 'सॉफी' की बोस्निया की राजधानी 'सेरोजेवो' में हत्या कर दी गई थी। वही कत्ल पूरी कायनात को हिलाने वाली पहली जंगे अजीम का नुक्ता-ए-आगाज साबित हुआ था। सर्बिया को उस कत्ल का मुजरिम माना गया था। 28 जुलाई 1914 को आसट्रिया ने सर्बिया पर हमला कर दिया था। दिसंबर 1915 में 37 व 41 डोगरा रेजिमेंटों के शेरदिल सैनिकों ने 'मैसोपोटामिया' के महाज पर दस्तक देकर 'शेखसाद' की भीषण जंग में 'खिलाफत-ए-उस्मानिया' सल्तनत की सेना की पूरी तजवीज को नेस्तनाबूद करके अंग्रेजों को अपने पराक्रम से अवगत करवा दिया था।

21 जनवरी 1916 को मैसोपोटामिया के 'अल हना' रणक्षेत्र में तुर्क सेना की मजबूत किलेबंदी पर 37 व 41 डोगरा बटालियन के सैनिकों ने जोरदार हमले को अंजाम दिया था। अल हना की उस शदीद जंग में 41वीं डोगरा के हिमाचली सपूत जमादार 'लाला राम' ने असीम वीरता का एक नया अध्याय लिख दिया था। अंग्रेज सैन्य अधिकारी कै. 'निकल्सन' तथा लै. 'लिंडोप' युद्ध में दुश्मन की गोलीबारी में जख्मी हो चुके थे। रणक्षेत्र में दुश्मन की भीषण बमबारी के बीच लाला राम ने अपनी जान जोखिम में डालकर दोनों अंग्रेज सैनिकों को महफूज मुकाम पर पहुंचा दिया था। हालांकि कुछ समय बाद 'निकल्सन' की मौत हो गई, मगर लाला राम ने जोखिम भरे प्रयास से लिंडोप को सुरक्षित बचा लिया था। शत्रु के समक्ष निर्भीक सैन्य निष्ठा के लिए बर्तानिया हुकूमत ने लाला राम को सर्वोच्च वीरता पदक 'विक्टोरिया क्रॉस' से नवाजा था। हिमाचल के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस लाला राम को सेंट जार्ज का 'रूसी क्रॉस' भी प्रदान किया गया था। रूह-ए-तामीर को जख्म देने वाली मैसोपोटामिया की उसी जंग में बिलासपुर के 'मसौर' गांव के ग्यारह 'मैहता राजपूत' डोगरा व पंजाब रेजिमेंट का हिस्सा बनकर तुर्क सेना से लड़े थे। रणभूमि में अदम्य साहस के लिए अंग्रेजों ने 'सुरजन सिंह मैहता' को 'इंडियन आर्डर ऑफ मेरिट' मेडल तथा 'बहादुर' की उपाधि से नवाजा था। युद्ध में कहलूर के सैनिकों की बहादुरी से मुतासिर होकर अंग्रेजों ने 'कहलूर रियासत' के चंदेल शासक 'विजय चंद' को 'मेजर' साहब की मानद उपाधि प्रदान की थी।

दूसरे विश्व युद्ध में भारत के प्रथम 'मिलिट्री क्रॉस' विजेता कर्नल अनंत सिंह पठानिया के पिता कर्नल 'रघबीर सिंह पठानिया' पहली जंगे अजीम के दौरान पूर्वी अफ्रीकी सैन्य मिशन में 'जैक राइफल्स' के कमान अधिकारी थे। 'जस्सिन' की भीषण जंग में जर्मन सेना पर किए गए हमले में कर्नल रघबीर सिंह 18 जनवरी 1915 को शहीद हो गए थे, मगर जैक राइफल के जवानों ने जर्मन की तोप व परचम को अपने कब्जे में ले लिया था। ऊना के भदसाली गांव के 208 रणबांकुरों ने प्रथम विश्व युद्ध में कई मुल्कों के महाज पर जौहर दिखाए थे, जिनमें ग्यारह सैनिक बलिदान हो गए थे। भदसाली के योद्धाओं ने जर्मन सेना को मैदाने जंग में शिकस्त देकर उनकी तोप को अपने कब्जे में ले लिया था। सैनिकों की वीरता से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने जर्मन तोप भदसाली गांव को ही भेंट कर दी थी। नंगल जरियालां गांव के 78 सूरमां प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश फौज की तरफ से लड़े थे। कांगड़ा के अन्दराणा गांव के छह कटोच राजपूत पहली जंगे अजीम में शहीद हुए थे। प्रथम विश्व युद्ध में देश के लाखों सैनिक भेजने का मकसद यह था कि युद्ध जीतने के बाद अंग्रेज भारत को गुलामी की दास्तां से आजाद कर देंगे, मगर युद्ध खत्म होने के बाद देश की रियासतों व सियासतदानों के लब-ए-इजहार पर खामोशी की रजामंदी तथा अंग्रेजों की सफ्फाक हुकूमत की बेवफाई के आगे देश के लाखों सैनिकों की कुर्बानियां नजरअंदाज हो गई। प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय फौज की वीरता से प्रभावित होकर ही अंग्रेजों ने हिंदोस्तानी सैनिकों को बर्तानिया सल्तनत का आलातरीन सैन्य एजाज विक्टोरिया क्रॉस देना मुनासिब समझा था।


स्मरण रहे मल्लिका-ए-बर्तानिया 'विक्टोरिया' (1891-1901) ने सन्1854 में क्रिमिया युद्ध के दौरान सर्वोच्च बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले सैनिकों के सम्मान में सन् 1856 से विक्टोरिया क्रॉस मेडल देने की शुरुआत की थी। रूस के प्रसिद्ध लेखक 'लियो टाल्स्टॉय' उसी क्रिमिया युद्ध में रूसी तोपखाने के सैन्य अफसर थे। क्रिमिया युद्ध के बाद टाल्सटॉय ने रूसी सेना को छोड़ दिया था तथा अपने मशहूर उपन्यास 'युद्ध और शांति' की रचना की थी। पहली जंगे अजीम में ग्यारह भारतीय सैनिकों को विक्टोरिया क्रॉस प्रदान किए गए थे। सिपाही 'खुदादाद' प्रथम भारतीय 'विक्टोरिया क्रॉस' विजेता सैनिक थे। विभाजन के बाद पाक सेना ने खुदादाद को उनके जीवनकाल में ही 'बाबा-ए-बलोच रेजिमेंट' के खिताब से सरफराज कर दिया था। रावलपिंडी के सैन्य म्यूजियम में खुदादाद का तांबे का मुजस्समा भी लगाया गया है। मगर अफसोस विदेशी भूमि पर शौर्य पराक्रम का सर्वोच्च शिलापट्ट लिखकर देश को गौरवान्वित करने वाले हिमाचल के रणबांकुरों की दास्तान-ए-शुजात इतिहास के पन्नों में ही दब कर रह गई। जंगे अजीम को बेखौफ अंदाज से अंजाम तक पहुंचा कर बर्तानिया को दुनिया का फातिम बनाने वाले जांबाज गुमनामी के दौर में चले गए। प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के साथ ही उन योद्धाओं की वीरता का सुनहरा मजमून भी समाप्त हो गया। जबकि उनका मंजिल ए मकसूद देश की आजादी ही था। राज्य के शूरवीरों के साहस की शौर्यगाथाएं शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल होनी चाहिए ताकि भावी पीढियां पहाड़ की सैन्यशक्ति के गौरवशाली शौर्य पर गर्व महसूस कर सकें।

उत्तराखंड प्रहरी कविता

## रंग जिन्दगी के....




कभी दौड़ती तेज रफ्तार,तो कभी ठहरी हुई है जिन्दगी।
कभी संग अपनों का,तो कभी यादगार लम्हा है जिन्दगी।
कभी बहार बसंत ऋतु सी,तो कभी पतझड़ सी वीरान है जिन्दगी।
कभी राह सुगम,तो कभी अति दुर्गम मार्ग है जिन्दगी।
कभी कट जाती है आसानी से,तो कभी नित नई चुनौतियां लिए खड़ी है जिन्दगी।
परंतु,'बेदी' बेहद चालाक और रंग बिरंगी है जिन्दगी!
रोज नई सुबह देकर,हर दिन बड़ी चालाकी से हम सबकी उम्र घटा देती है जिन्दगी।।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# राहुल गांधी को मिली सजा के सबक

**योगेंद्र योगी**

क्षेत्रीय दलों में ज्यादातार नेताओं के परिवार का बोलबाला है। इसीलिए सत्ता पाने की प्रतिस्पर्धा से राजनीति में गिरावट का सिलसिला जारी है। कांग्रेस के पास अन्य दलों की तुलना में लोकसभा में सीटें बेशक कम हों, किंतु विपक्षी दलों में कांग्रेस एकमात्र पार्टी है, जिसकी तीन राज्यों में सत्ता होने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का नेटवर्क है। इससे कांग्रेस की जिम्मेदारी अन्य दलों से कहीं ज्यादा है। सार्वजनिक जीवन में संयमित आचरण और ईमानदारी के मानदंड स्थापित करने की ज्यादा जिम्मेदारी भी कांग्रेस पर है। सत्ता पक्ष की नीतियों की आलोचना करना स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा और जरूरत है। इसके विपरीत यदि व्यक्तिगत आक्षेप लगा कर राजनीति को गंदा किया जाए तो आम लोगों से जुड़े मुद्दे हाशिए पर चले जाएंगे। इससे एक नए तरीके का विद्रूप राजनीति का माहौल देश में बनेगा। ऐसे वातावरण की कीमत देश को पिछडऩे से चुकानी पड़ेगी। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि राहुल को मिली सजा और सांसद का पद जाने से देश के नेताओं को सार्वजनिक तौर पर बोलने से पहले सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा देश के विकास की बागडोर नेताओं के हाथ में है। देश में लोकतांत्रिक शासन पद्धति होने से उम्मीद यही की जाती है कि नेता देश को नई दशा-दिशा देंगे। देश और समाज के समक्ष अपने आचरण और व्यवहार से आदर्श पेश करेंगे। इसके विपरीत यदि नेता ही अपनी जुबान पर लगाम नहीं रख पाएं तो देश के भले की उम्मीद नहीं की जा सकती। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब यह नहीं है कि नेता बदजुबानी पर उतर आएं। ऐसे बेलगाम नेता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संयम और अनुशासन बरतने का क्या संदेश देंगे। आत्मनुशासन के बजाय नेताओं को कानून के जरिए संयत भाषा और आचरण से नियंत्रित किए जाने की कार्रवाई उनको आईना दिखाने वाली मानी जाएगी। अपशब्द कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली सजा और उससे गई संसद की सदस्यता से उम्मीद की जानी चाहिए कि देश के नेता अपनी जुबान पर लगाम लगाएंगे। नेताओं को जुबान पर लगाम का सबक सिखाने के मामले में राहुल गांधी को मिली सजा मील का पत्थर साबित होगी। इससे कम से कम सार्वजनिक रूप से गरिमा के प्रतिकूल टिप्पणी करने की कीमत चुकाने से नेताओं में डर पैदा होगा।

यह पहला मौका नहीं है जब किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता को अदालत से मिली सजा और उसके बाद संसद की सदस्यता गंवानी पड़ी हो। इससे पहले राजद के नेता लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता सहित कई नेताओं को विधानसभा और लोकसभा से सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। राहुल के सिवाय इन नेताओं को आपराधिक और दूसरे मामलों में जेल की सजा सुनाए जाने पर सदस्यता खोनी पड़ी। इसके विपरीत राहुल को एक जाति विशेष पर अपशब्द कहने के कारण सदस्यता से हाथ धोना पड़ा। देश की विभिन्न अदालतों में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर नेताओं के खिलाफ दर्जनों मानहानि और आपराधिक मामले विचाराधीन हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी करीब आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस पर टिप्पणी करने पर कई मामले चल रहे हैं।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# राज्य के समग्र विकास के लिए विभागों को दिये लक्ष्यों की प्राप्ति की होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री ने विभागाध्यक्षों को दिये २०२५ तक के विकास लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश।

राजस्व वृद्धि वाले क्षेत्रों को रखा जाए प्राथमिकता पर।

पर्यटक सर्किटों के माध्यम से पूरे प्रदेश को जोड़ने पर दिया जाए ध्यान।

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विभागों का जो लक्ष्य निर्धारित है, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागों नेअब तक धरातल पर किये गये कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर तेजी लाने के लिए विभागों की नियमित समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड @25 के अन्तर्गत विभागों की कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 2025 के लिए लक्ष्य के सापेक्ष जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उनको पूर्ण करने के लिए समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन क्षेत्रों में राज्य के राजस्व वृद्धि में शीघ्रता परिलक्षित है, उन क्षेत्रों को प्राथमिकता पर रखा जाए। सभी विभाग दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक कार्ययोजना के साथ कार्यों को पूरे मनोयोग के साथ धरातल पर लाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 01 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। सभी विभागों की जल्द ही 31 मार्च 2024 तक की



कार्ययोजना, लक्ष्य एवं राजस्व वृद्धि के लिए विभागों द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं, इसकी समीक्षा की जायेगी। राज्य के पर्वतीय जनपदों की आय में वृद्धि के लिए इस क्षेत्र में लोगों की आजीविका सुधार के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों की आजीविका बढ़ाने एवं राजस्व वृद्धि के लिए तैयार की जा रही कार्य योजना के तहत जो कार्य होने हैं, उनमें सेक्टरवार तेजी लाई जाए। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। 2025 तक राज्य के लिए हम क्या महत्वपूर्ण उपलब्धि हांसिल कर सकते हैं, सभी विभाग इस पर विशेष ध्यान दें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, कृषि, उद्यान, उद्योग के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में लघु समयावधि की कार्ययोजना के साथ ही 2030 तक और क्या बेहतर किया जा सकता है, इस दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। इन क्षेत्रों से जहां राज्य में लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, राज्य की जीडीपी में भी तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुमांऊ क्षेत्र में कुछ ऐसे नये पर्यटक एवं धार्मिक स्थल विकसित किये जाएं कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु, गढ़वाल के साथ कुमांऊ के नैसर्गिक सौन्दर्य का आनन्द भी ले सकें। पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न सर्किटों के माध्यम से पूरे उत्तराखण्ड को जोड़ने के भी उन्होंने निर्देश दिये। एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में भी प्रदेश में अनेक संभावनाएं हैं, उत्तराखण्ड में साहसिक पर्यटन के नये स्थलों को विकसित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जाएं। जिन पर्यटक स्थलों पर साहसिक गतिविधियां हो रही हैं, उनको और विकसित करने की दिशा में भी ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। स्थानीय उत्पादों की ब्राडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाए। एप्पल और कीवी मिशन पर तेजी से कार्य किये जाएं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऐरोमेटिक प्लांट की खेती को बढ़ावा दिया जाए। राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों में डिग्री कोर्स के अलावा कौशल विकास से सबंधित डिप्लोमा कोर्स संचालित किये जाने पर भी ध्यान दिया जाए। राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों के सरलीकरण की दिशा में कार्य किये जाने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जिन क्षेत्रों में दक्ष मानव संसाधन की मांग बढ़ी हैं, ऐसे क्षेत्रों में राज्य के युवाओं के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं की जाए। बैठक में दिये गये विस्तृत प्रस्तुतीकरण में जानकारी दी गई कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र में 2030 तक विभिन्न गतिविधियों पर आधारित कार्य किये जायेंगे।

# दमड़ी यात्रा का हरिद्वार पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** पंजाब से विभिन्न राज्यों से होती हुई की दमड़ी यात्रा के हरिद्वार पहुंचने पर अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा एवं परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में श्री सुदर्शन आश्रम अखाड़ा हरिद्वार के सामने भव्य स्वागत किया गया। जिसमें यात्रा में सम्मिलित होकर पंजाब से हरिद्वार पहुंचे संत निर्मल दास, संत सुखविंदर दास, साध्वी संतोष आदि श्रद्धालुओं का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस मौके पर सन्त निर्मल दास ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज से कुरितियो को समाप्त कर समाज में समरसता का भाव पैदा करने का काम किया।समाज से जाति पाती का भेद मिटने का काम किया।इस मौके पर संस्था के प्रदेश संयोजक डा विशाल गर्ग ने हमे अपने अभी महापुर्षो का सम्मान करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।संस्था के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित संवर्धित करने का काम अखिल भारतीय सनातन परिषद द्वारा किया जा रहा है।जो समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है। स्वागत कार्यक्रम में अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविक्षित रमन, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार सचिव सतीश राष्ट्रीय कार्यकारिणी सचिव राजवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, प्रदेश संयोजक विशाल गर्ग, संगठन सचिव स्वामी आलोक गिरी, संगठन सह सचिव भोला शर्मा, सचिव विशाल राठौर, हरिद्वार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार, राखी सजवाण, सतीश कुमार, दुष्यंत कुमार, सतीश कटारिया, हिमांशु लामयान, सुधांशु जोशी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी के निर्देश "कोई भी नकल माफिया बचे नहीं" को पूरा करती हरिद्वार S.I.T. टीम

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** पटवारी पेपर लीक प्रकरण में थाना कनखल पर दर्ज मु0अ0स0-12/2023 धारा 409, 467, 468, 420, 471, 120 बी भा.द.वि. व 3/4 परीक्षा निवारण व 8 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में फरार चल रहे पचास हजार (50000/-) के इनामी अभियुक्त संजय धारीवाल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी मौहम्मदपुर जट कोतवाली मंगलौर को S.I.T. टीम ने नारसन क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की है।

अपने गिरोह के साथ मिलकर पटवारी/लेखपाल एवं JE/AE भर्ती में अभ्यर्थियों से लाखों रुपए व ब्लैंक चैक प्राप्त कर गिरफ्तारी से बचने व गिरफ्तारी स्थगित कराने तथा सरेंडर का प्रयास कर रहे फरार अभियुक्त संजय धारीवाल पर आईजी गढवाल रेंज श्री करण सिंह नगन्याल द्वारा 50,000/- (पचास हजार रुपए) का इनाम घोषित किया गया था।

फरार अभियुक्त को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए लगातार दबिश दे रही S.I.T. टीम ने अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर नारसन से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशांदेही पर अभ्यर्थियों को नकल स्थलों तक लाने व परीक्षा केन्द्रों तक ले जाने में प्रयुक्त वाहन एचआर 75 – 5692 को अभियुक्त के मौहम्मदपुर जट हरिद्वार स्थित घर से बरामद कर अभियुक्त के भाई सुधीर के करनाल हरियाणा स्थित मकान से कुल 425000/- (चार लाख पच्चीस हजार रुपये) व दो ब्लैंक (हस्ताक्षरित) चैक बरामद किये। अभियुक्त द्वारा उक्त धनराशि में से एक लाख दस हजार रुपये पटवारी भर्ती तथा तीन लाख पन्द्रह हजार रुपये व दोनों चैक एई /जेई भर्ती से सम्बन्धित छात्रो से लिए गए थे। मुकदमा की विवेचना के दौरान पूर्व में ही अभियुक्त को प्रश्रय देने पर भाई सुधीर व बहन के जमाई दीपेन्द्र पंवार उर्फ सोनू पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी मुकन्दरपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर (कोचिंग संचालक) को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों अभियोगों (पटवारी एवं JE/AE) में वर्तमान तिथि तक कुल 38 अभियुक्त गिरफ्तार किये जा चुके हैं। विवेचना प्रचलित है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

संजय धारीवाल पुत्र सुरेन्द्र सिहं निवासी मौहम्मदपुर जट कोतवाली मंगलौर जिला हरिद्वार

**बरामदगी**

1- वाहन HR 75-5692
2- 425000/- कैश
3- दो ब्लैंक चैक (हस्ताक्षरित)

एसएसपी अजय सिंह के सटीक दिशा निर्देशन में S.I.T. ने हासिल की एक और बड़ी कामयाबी

पेपर लीक प्रकरण में S.I.T. ने 50 हजार के ईनामी संजय धारीवाल को नारसन से दबोचा

लगातार फरार रहकर जमानत की जोड़तोड़ कर रहे वांछित पर घोषित था पचास हजार का इनाम

पटवारी एवं JE/AE पेपर लीक प्रकरण में मुख्य षड़यन्त्रकर्ता है अभियुक्त संजय धारीवाल

# देहरादून से ऋषिकेश सायरन बजाते हुए जा रही थी एंबुलेंस, पुलिस ने रोकी तो अंदर का नजारा देख उड़े होश




**देहरादून।** शराब तस्करी करने के लिए तस्कर नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। रानीपोखरी थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जोकि एंबुलेंस की आड़ में शराब तस्करी कर रहा था। एंबुलेंस में महिला को लिटाकर ले जाया जा रहा था। जब एंबुलेंस की चेकिंग की गई तो उसमें 20 पेटी शराब बरामद हुई। पुलिस ने महिला सहित चार को गिरफ्तार कर लिया है।

**सायरन बजाते हुए पहुंची एंबुलेंस**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 30 मार्च की रात को रानीपोखरी के थानाध्यक्ष शिशुपाल राणा पुलिस पार्टी सहित वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एंबुलेंस सायनल बजाते हुए पहुंची। एंबुलेंस को रुकने का इशारा कर बिना वजह सायरन बजाने का कारण पूछा तो चालक पुलिस को देख घबरा गया। एंबुलेंस की चेकिंग की गई तो उसमें से एक महिला लेटी हुई दिखी, जोकि संदिग्ध लग रही थी। एंबुलेंस की तलाशी के दौरान उसमें से 20 पेटी शराब बरामद हुई। शराब देहरादून से ऋषिकेश ले जाई जा रही थी। आरोपितों की पहचान रवीना भटनागर निवासी कुमारवाड़ा आदर्श ग्राम ऋषिकेश, अभिषेक निवासी वाल्मीकि बस्ती रेलवे रोड ऋषिकेश, प्रिंस निवासी बापूग्राम ऋषिकेश और सनी निवासी वीरभद्र ऋषिकेश के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रानीपोखरी शिशुपाल राणा ने बताया कि आरोपित रवीना भटनागर के खिलाफ पहले भी शराब तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह लंबे समय से शराब तस्करी के धंधे से जुड़े हुए हैं। एंबुलेंस को पुलिस बहुत कम रोकती है, इसलिए उन्होंने एंबुलेंस का सहारा लिया था। बताया जा रहा है कि महिला रवीना की पहले अपनी एंबुलेंस थी, जिससे वह गांजे की तस्करी करती थी। कुछ लोगों ने उसे गांजा तस्करी में पकड़ा और एंबुलेंस तोड़ दी। इसके बाद उसने एंबुलेंस चालक अभिषेक से संपर्क किया, और उसकी एंबुलेंस से शराब तस्करी शुरू करने की योजना बनाई।

**ग्राम स्मैक के साथ तीन धरे**

रायवाला थाना पुलिस ने 40 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि गुरुवार रात को वह रेलवे अंडरपास रायवाला में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान स्कूटी पर सवार तीन युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से स्मैक बरामद हुई। आरोपितों की पहचान रोहित मल्होत्रा निवासी जीएमएस रोड देहरादून, विक्की राणा निवासी ग्राम अगोंध जिला करनाल हरियाणा और सुनैना मल्होत्रा निवासी जीएमएस रोड के रूप में हुई है।

## उत्तराखंड : सीबीआई ने ऋषिकेश के एम्स में अनियमितताओं की जांच की, तलाशी ली

**ऋषिकेश।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पूर्व निदेशक रविकांत के कार्यकाल के दौरान की गई नियुक्तियों और खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में छापेमारी की।

एम्स, ऋषिकेश के विधि अधिकारी प्रदीप पांडे ने कहा कि जांच एजेंसी ने कथित अनियमितताओं से संबंधित अतिरिक्त दस्तावेज मांगे हैं, जो उसे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक राजीव चंदोला के नेतृत्व में सीबीआई की एक टीम ने तलाशी ली।

सीबीआई ने अप्रैल 2022 में एम्स, ऋषिकेश में छापेमारी की और पांच लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए।

सीबीआई द्वारा अनियमितताओं की जांच शुरू करने से पहले, सतर्कता विभाग ने भी एम्स, ऋषिकेश के भीतर एक फार्मेसी के लिए उपकरणों की खरीद और जगह के आवंटन को लेकर निविदाओं को प्रदान करने में गड़बड़ी की जांच की थी।

## ठेकेदार की कार्यशैली से लोगों में उमड़ा आक्रोश, मौके पर विधायक ने पहुंचकर संभाला मामला



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेड़ली स्थित समय सिंह एनक्लेव की स्थानीय महिलाओं ने विधायक और प्रधान को समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र में पानी की टंकी का कार्य हो रहा है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन डालकर सड़क खोद दी गई लेकिन कनेक्शन नहीं दिए गए। सड़क खोदने से आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा बहुत छोटी पाइप लाइन बिछाई जा रही जिसके कारण बाद में पानी का प्रेशर भी काम होगा जिससे उपयुक्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं होगा। बारिश होने से कीचड़ हो रहा है। बहुत ही धीमी गति से कार्य हो रहा है। पहले टंकी बनानी चाहिए थी फिर सड़क को पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदना चाहिए था। विभाग द्वारा सभी कार्य एकसाथ किया जा रहा। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कनेक्शन के बाद सड़क निर्माण कार्य होगा। पहले पानी के कनेक्शन ले लो फिर सड़क बनवा दी जाएगी। किसी को भी कनेक्शन के नाम पर पैसा देने की आवश्यकता नहीं है। कार्य उस प्रकार से हो कि किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रधान प्रवीण चौहान, रेणुका, सोनिया, निशा, संगीता, पिंकी, रचना, पूजा तिवारी, ईशा शर्मा, रीटा, सारिका, देवांशी, माला, नेहा, पूजा, ममता तिवारी, बबली, ज्योति शर्मा आदि उपस्थित थे।

## यात्री टिकट सुविधा केंद्र की हुई शुरुआत




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** हरिद्वार एक धर्मनगरी है जहाँ ना केवल भारत के कौन कौन से बल्कि पूरे विश्व से यात्री आते है साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को भी लाखों श्रद्धालु आते है, ओर रेलवे से यात्रा करने वाले यात्री भी लाखों की संख्या में होते है जिसके चलते रेलवे से यात्रा करने वाले यात्रियों की स्टेशन के टिकट काउन्टरों पर लंबी लंबी कतारे लगी होती है जिससे निजाद के लिए अब हरिद्वार में भारतीय रेलवे की तरफ से एक यात्री टिकट सुविधा केंद्र खोला गया है। जिसका उद्घाटन आज हरिद्वार रेलवे के सीआरएस लव कुमार गौतम के द्वारा किया गया। इस टिकट सुविधा केंद्र पर जहाँ एक ओर हिंदी या अंग्रेजी ना जानने वाले यात्रियों को फार्म भरने की सुविधा मिलेगी वो भी टिकट के प्रिंट रेट पर।

शनिवार को हरिद्वार के रेलवे स्टेशन के निकट पुरुषार्थ मार्किट में अभिषेक टूर एंड ट्रेवेल्स द्वारा भारतीय रेलवे का आरक्षित टिकट केंद्र खोला गया है जिसमें यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को ना केवल प्रिंट रेट पर टिकट मिलेगा बल्कि जो यात्री हिंदी या अंग्रेजी नही जानने के चलते रेलवे के फार्म नही भर पाते थे उनको फार्म भरने में सहायता मिलती ओर रेलवे के टिकट काउन्टरों ओर लगने वाली लंबी लंबी लाइनों से भी निजाद मिलेगी। इस मौके पर अभिषेक टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक सचिन वर्मा ने बताया कि धर्मनगरी चारधाम यात्रा को श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस यात्री टिकट सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई है।

इस मौके पर उत्तर रेलवे की ओर से हरिद्वार रेलवे स्टेशन के सीआरएस लव कुमार गौतम ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार रेलवे स्टेशन के टिकट काउन्टरों पर भीड़ रहती है जिस कारण यात्रियों को कई असुविधाएं होते है जिसके निराकरण ओर उनकी सुविधा के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई है जहाँ प्रिंट रेट पर ही यात्रियों को रेलवे का आरक्षण टिकट मिलेगा।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर बीडीओ पर हमला

**प्रयागराज।** संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार की दोपहर प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता से नाम बाहर किए जाने को लेकर मऊ आइमा के खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी पर हमला कर दिया गया। कुछ लोगों ने घेरकर पहले उनके साथ अभद्रता की। धक्कामुक्की के साथ पहले गालियां दी गईं। फिर पकड़कर कुछ लोग उनको बाहर ले जाने लगे। इस दौरान उनके साथ मारपीट की जाने लगी। भीड़ के बीच से भागकर किसी तरह उन्होंने जान बचाई। इस मामले में पूर्व प्रधान समेत 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें 10 अज्ञात हमलावरों की तलाश की जा रही है। संपूर्ण समाधान दिवस पर बीडीओ के साथ मारपीट की घटना दोपहर करीब दो बजे हुई।

# देशभर में 50 नई शाखाएं खोलेगा बंधन बैंक




**कोलकाता।** बंधन बैंक ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन शुक्रवार को 50 शाखाएं खोलने की घोषणा की। बैंक की ओर से यहां शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार ये शाखाएं देश भर में खोली जाएंगी, जिनमें से अधिकांश बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश में होंगी। आज की घोषणा को जोड़ दिए जाने के बाद बंधन बैंक के पास अब 1,400 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क हो गया है। नई शाखाओं का विस्तार देश भर में अपनी पहुंच का विस्तार करने और ग्राहकों के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है।

बयान में कहा गया है कि नयी शाखाएं ग्राहकों को दायित्व और संपत्ति उत्पादों की पूरी श्रृंखला के साथ बंधन बैंक के अद्वितीय ग्राहक प्रस्तावों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी। बैंक संपत्ति बही और भौगोलिक उपस्थिति के विविधीकरण की अपनी यात्रा पर अच्छी तरह से चल रहा है। बैंक पूर्व और उत्तर-पूर्व के बाहर के क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है और अगले कुछ वर्षों में सुरक्षित ऋणों की हिस्सेदारी में काफी वृद्धि करना चाहता है। बैंक की अगले वित्तीय वर्ष में नए उत्पादों को पेश करने और सेवाओं की चौड़ाई बढ़ाने की भी योजना है।

इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंद्र शेखर घोष ने कहा, "हमारे देश को बैंकिंग संस्थाओं की गहरी पैठ की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर किसी की बैंकिंग तक पहुंच हो। बंधन बैंक सभी के लिए एक बैंक बनने के लिए प्रतिबद्ध है और हम सभी प्रकार के ग्राहकों की सेवा करने के लिए अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज की घोषणा अपनी पहुंच बढ़ाने और पूरे भारत में विश्व स्तरीय उपभोक्ता बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की बैंक की रणनीति का एक और कदम है।" उन्होंने कहा कि अपने व्यापक वितरण नेटवर्क और मजबूत डिजिटल चैनलों के माध्यम से, बंधन बैंक वास्तव में एक सार्वभौमिक बैंक के रूप में उभरा है, जो सभी भारतीयों की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है, चाहे वे कहीं भी हों, उन्हें जो भी उत्पाद या सेवाएं चाहिए, और लेनदेन का कोई भी तरीका हो।

## अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना तय



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। बुधवार को नामांकन समाप्त हो गए और किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है। पूर्व मास्टरकार्ड इंक के मुख्य कार्यकारी को राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा पिछले महीने समर्थन मिला, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। खबर के मुताबिक, 2019 में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित श्री मलपास ने निर्विरोध शीर्ष स्थान हासिल किया था। संस्था की शीर्ष नौकरी हमेशा एक अमरीकी उम्मीदवार के पास जाती रही है। अमरीका के अलावा किसी भी देश ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। विश्व बैंक के नियम सदस्य देशों को एक समयावधि के दौरान नामांकन करने की अनुमति देते हैं, जो बुधवार दोपहर को खत्म हो चुका है। ऐसे में अजय बंगा के सामने कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है



# ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना-रश्मिका का स्टेज पर धमाल

**अहमदाबाद –** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन शुक्रवार से शुरू हो गया। मुकाबले से पहल ओपनिंग सेरेमनी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुई।

सेरेमनी देखने के लिए सवा लाख दर्शक स्टेडियम पहुंचे। मंदिरा बेदी ने करीब 55 मिनट चली ओपनिंग सेरेमनी को होस्ट किया। बालीवुड सिंगर अरिजीत सिंह, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और रश्मिका मंदाना ने सेरेमनी में धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। सिंगर अरिजीत सिंह की परफॉर्मेंस के साथ ओपनिंग सेरेमनी शुरू हुई। उन्होंने केसरिया, लहरा दो, अपना बना ले, झूमे जो पठान, राबता, शिवाय, जीतेगा-जीतेगा, चढ़ेया डांस का भूत, राबता और शुभानल्लाह जैसे गानों पर परफॉर्मेंस दी। साउथ इंडियन एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने श्रीवल्ली, नाटू-नाटू और ढोलिडा जैसे गानों पर डांस परफॉर्मेंस दी। उनसे पहले एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने तूने मारी एंट्री और चौगाड़ा तारा जैसे गानों पर डांस किया।



digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

# रिलायंस डिजिटल ने मुंबई इंडियंस के साथ साझेदारी की घोषणा की

**नईदिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड रिलायंस डिजिटल ने किट पर लीड ट्राउजर पार्टनर के रूप में मुंबई इंडियंस के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ रिलायंस डिजिटल का उद्देश्य क्रिकेट प्रेमियों के बीच व्यापक पहुंच बनाना है, क्योंकि क्रिकेट सभी का मनपसंद खेल है। इस साझेदारी के माध्यम से रिलायंस डिजिटल सारे भारत के ग्राहकों के लिए आकर्षक डील्स को पेश करेगा। जो भी रिलायंस डिजिटल स्टोर या सोशल मीडिया पेज पर आएगा उसे मुंबई इंडियंस मर्चेंडाइस और मैच के लिए टिकट जीतने का मौका मिलेगा। शुरुआती दिनों में ग्राहकों को कुछ शानदार डिसकाउंट दिए जाएंगे। यह डिसकाउंट पहली अप्रैल 2023 से शुरू होगा। ऑफर में 7.5 प्रतिशत का डिसकाउंट और एक हजार रुपए के कूपन भी दिए जाएंगे। यह सुविधा मिलेगी।

# होंडा ने लांच की ओबीडी2 एसपी125 मोटरसाइकिल, जानें कीमत और खूबियां



**नई दिल्ली –** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी नयी मोटरसाइकिल ओबीडी 2 के अनुरूप एचपी 125 को लाँच करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 85131 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसमें 125 सीसी बीएस6 ओबीडी 2 इंजन है। यह एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर से पावर्ड और इसमें पेटेंटेड एसीजी स्टार्टर मोटर है जो हर बार इंजन को बिना शोर और झटके के तुरंत स्टार्ट करती है। इसके साथ ही फुल डिजिटल मीटर, नया आधुनिक स्टाइल, ग्राफिक युक्त फ्यूल टैंक, आधुनिक हैडलैम्प और बोल्ड रियर। आधुनिक आराम और सुविधा- भावी एलईडी डीसी हैडलैम्प, इंजन स्टार्ट/ स्टॉप स्विच, इंटीग्रेटेड हैडलैम्प बीम और पासिंग स्विच, 5 स्पीड ट्रांसमिशन और कई अन्य फीचर है।

उसने कहा कि इसमें एसपी125 2 मॉडल ड्रम और डिस्क में उपलब्ध है। ड्रम मॉडल की दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 85,131 रुपये है जबकि डिस्क मॉडल की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 89131 रुपये है।

# AIFF: अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने ब्लास्टर्स पर लगाया चार करोड़ रुपए का जुर्माना




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोडऩे के लिए केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। अनुशासनात्मक समिति ने मुकाबले में शामिल सभी पक्षों को सुनने और उनके विरोध एवं प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद केरल ब्लास्टर्स को मैच को छोडऩे के इस अनुचित आचरण के लिए सार्वजनिक माफी जारी करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर ब्लास्टर्स का जुर्माना बढ़ाकर छह करोड़ रुपए कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम पर आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिए गोल किया था, जिस पर ऐतराज़ जताने के बाद ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोडक़र चली गई। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिए तैयार नहीं हो सके थे। इस संबंध में क्लब ने रेफरी क्रिस्टल जांस के खिलाफ एआईएफएफ के समक्ष शिकायत भी दर्ज की थी। ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक पर एआईएफएफ की प्रतियोगिताओं में 10 मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एआईएफएफ अनुशासनात्मक कोड के अनुच्छेद 9.1.2 के तहत उन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

महासंघ ने ब्लास्टर्स और वुकोमानोविक को एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। दोनों पक्षों को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार है। अनुशासनात्मक समिति ने यह भी कहा कि मैच छोडऩा वैश्विक खेल इतिहास में, विशेष रूप से फुटबाल में दुर्लभ घटनाओं में से एक है। भारत में पेशेवर फुटबाल के इतिहास में यह केवल दूसरी बार है, जब किसी टीम ने कोई मैच छोड़ दिया हो। इससे पहले ऐसा सिर्फ 2012 में ईस्ट बंगाल बनाम मोहन बागान के मैच में हुआ था।

# इंडियन प्रीमियर लीग 2023 : गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट से जीत किया विजय आगाज़




**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का ओपनिंग मैच गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट से जीत विजय आगाज़ किया। ओपनिंग मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर चेन्नई सुपर किंग्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया। चेन्नई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 178 रन बनाए व गुजरात के सामने 179 रन का टारगेट रखा। फिर जवाब में खेलने उतरी गुजरात की टीम ने 19.2 ओवर में 182/5 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

गुजरात के लिए गिल ने सर्वाधिक 63 रन बनाए। इससे पहले चेन्नई के लिए खेलते हुए ओपनर ॠतुराज गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। मोईन अली ने 23 रन बनाए। वहीं, गुजरात टाइटंस के लिए मोहम्मद शमी, राशिद खान और अल्जारी जोसेफ ने 2-2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही। डेवोन कॉन्वे तीसरे ही ओवर में मोहम्मद शमी की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद खेलने तरे मोईन अली ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 17 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए।

## हार्दिक आइडियल इंपैक्ट प्लेयर

भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान अनिल कुंबले और पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुजरात टाइटंस टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या की तारीफ की है। अनिल कुंबले और जहीर खान ने यह बात भी स्वीकार की है कि मुंबई इंडियंस के लिए खेलकर उन्हें काफी कुछ प्राप्त हुआ है, जबकि एक आइडियल इम्पैक्ट प्लेयर हार्दिक पांड्या ही हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी की हुई है और वे तेज गेंदबाजी भी करते हैं।

# अतंरराष्ट्रीय

## उत्तरी सूडान में सोने की खदान धंस जाने से 14 मजदूरों की मौत



**खार्तूम।** उत्तरी सूडान में एक सोने की खान ढहने से कम से कम चौदह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए। सूडान की मिनरल रिसोर्सेज कंपनी ने (एसएमआरसी) ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने एक बयान में कहा, कम्पनी के महानिदेशक, उत्तरी राज्य में कंपनी के कार्यालय के प्रमुख और कर्मचारी वादी हलाफ़ा शहर के दक्षिण में 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित अकाशा के पास एक सोने की खदान के ढह जाने की दुखद घटना का शोक मना रहे हैं। इस दुर्घटना में 14 श्रमिकों की मौत हो गई थी। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर चलेगा क्रिमिनल केस, डोनाल्ड की मुसीबतें बढ़ीं




**वाशिंगटन।** अमरीका के इतिहास में पहली बार कोई पूर्व राष्ट्रपति आपराधिक आरोपों का सामना करने जा रहा है। एक पॉर्न स्टार को गुपचुप तरीके से पैसे देने के आरोप में अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढऩे वाली हैं और अब उन पर क्रिमिनल केस चलेगा। न्यूयार्क ग्रैंड ज्यूरी ने गुरुवार को ट्रंप को उनके 2016 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक पॉर्न स्टार को गुपचुप तरीके से पैसे देने के लिए दोषी ठहराया है। इसी के साथ ट्रंप आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति बन गए हैं। खबर के अनुसार, ट्रंप मंगलवार को कोर्ट में पेश हो सकते हैं। ट्रंप के खिलाफ यह फैसला तब आया है, जब वह अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं।

न्यूयार्क ग्रैंड जूरी ने ट्रंप को स्ट्रॉमी डेनियल्स नामक पॉर्न स्टार को गुपचुप तरीके से पैसे देने के लिए दोषी ठहराया है। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक चौंकाने वाले खुलासे को दबाने के लिए भीतर ही भीतर एक गहन बातचीत हुई। यह खुलासा ट्रंप और डेनियल के रिश्ते को लेकर था।

ट्रंप ने पूरे मामले में खुद को दोषमुक्त करार दिया है। उन्होंने जांच पर सवाल उठाए हैं और इस मुकदमे को राजनीतिक उत्पीडऩ करार दिया है। वर्तमान में ट्रंप 2024 के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी।

## एलएसी पर चीन की हरकत उकसाने वाली, अमरीका ने ड्रैगन को लगाई लताड़; कहा, बॉर्डर पर संघर्ष चिंताजनक

वाशिंगटन। एलएसी पर भारत और चीन के बीच जारी तनातनी को लेकर व्हाइट हाउस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत-चीन सीमा पर बीजिंग द्वारा उठाए गए कुछ कदम उकसाने वाले हैं। उन्होंने दोहराया कि अमरीका नई दिल्ली के साथ और अधिक निकटता से काम करने के लिए तैयार है। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक – सेंटर फॉर ए न्यू अमरीकन सिक्योरिटी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ और झड़पें लगातार हो रही हैं और इससे चौतरफा संघर्ष होने का खतरा है। वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक-सेंटर फॉर ए न्यू अमरीकन सिक्योरिटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत संयुक्त राज्य अमरीका का सहयोगी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम करीबी सहयोगी नहीं होंगे और बहुत सी चीजें साझा करेंगे। इस तरह हमें उस भूमिका को समझने की जरूरत है जो भारत वैश्विक मंच पर एक महान राष्ट्र के रूप में निभाएगा।

## छोटी खबरें

### अमन गर्ग बने कांग्रेस के कार्यकारी महानगर अध्यक्ष

सुमित यशकल्याण, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार** ।हरिद्वार उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो, हरिद्वार में पूर्व पार्षद और युवा नेता अमन गर्ग को आज हरिद्वार शहर कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुरली मनोहर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अमन गर्ग का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अमन गर्ग ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रदेश हाईकमान का धन्यवाद देता हूं कि हाईकमान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का अच्छे से निर्वाहन करते हुए कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे, राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने पर जो मोदी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है उस का खुलकर विरोध किया जाएगा।

### देश की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को खारिज कर दिया है: संजय निषाद

**बदायूँ (वार्ता)**। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषद ने आज कहा कि देश की जनता राहुल गांधी और कांग्रेस को खारिज कर चुकी है। यहां कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आये प्रदेश कैबिनेट मंत्री ने पत्रकारों के सवालों के बेबाकी से जवाब दिये ।इस दौरान राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किये जाने पर हाई कोर्ट में कोई अपील ना करने के सवाल पर डॉ.निषाद ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी अदालत में जनता है और देश की जनता नें राहुल गांधी और कॉंग्रेस पार्टी क़ो खारिज कर दिया है। जनता नें यह मन बना लिया है कि कॉंग्रेस क़ो आनें नही देना है। लोकतंत्र में जनता जज होती है और जनता नें भारतीय जनता पार्टी के कामों क़ो देख कर उसके पक्ष में बार बार अपना फैसला सुनाया है। राहुल गांधी क्यों अपनी सदस्यता के खिलाफ उच्च न्यायालय नही गए यह वह जानें। प्रदेश में कभी आतंक का पर्याय रहे अतीक अहमद के भाई अरशद की प्रयागराज कोर्ट में उमेश पाल हत्या काण्ड मामले में हो रही पेशी पर डॉ. निषाद ने कहा "हमारी सरकार में प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नही है, पूर्व की सरकारों में अपराधियों क़ो सुरक्षा और संरक्षण मिलता था। आज हमारी सरकार उन्हीं अपराधियों को सजा दे रही है, रहा अशरफ अहमद जैसे अपराधियों का सवाल तो जैसा उसने किया है वह वैसा भोगेगा। देश में अदालतें अपना काम कर रही है, सरकार अपना काम कर रही है। हमने जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार में प्रदेश में गुंडे अपराधी नही होंगे, भयमुक्त समाज होगा। इसी दिशा में सरकार काम कर रही है।" अभी कुछ दिन पहले हुई दयाशंकर सिंह और ओमप्रकाश राजभर की मुलाकात क़ो लेकर उन्होने कहा" अगर ओम प्रकाश राजभर अपनी विचार धारा बदल दें तो भारतीय जनता पार्टी में उनका स्वागत है। जब वह भाजपा की विचार धारा से सहमत थे तब वह साथ थे और अगर वह फिर अपनी विचार धारा बदल लेते है तो हमे उनका साथ लेने में कोई दिक्कत नही है। राजभर जी का एक पाँव कही है और दूसरा कहीं, कभी इधर कभी उधर। वह एक जगह टिककर नही रहते है। हमने उन्हें बहुत समझाया लेकिन वह नही मानते है हमसे से भी उनकी मुलाकात होती रहती है।"

### प्रयागराज: बाजार में भीषण आग

**प्रयागराज (वार्ता)**। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज चौक घंटाघर स्थित संजय मार्केट में शनिवार की सुबह आग लग गई। जिससे करीब 30 दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आग की चपेट में 210 दुकाने आयी थी जिसमें 30 दुकाने पूरी तरह से जल गयी । आग पर काबू पाने के लिए 20 दमकल की गाडिया पहुंची। धीरे-धीरे आग ने आसपास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया, पूरा इलाका धुएं से भर गया। व्यापारियों समेत आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मची रही। मौके पर पहुंचे पुलिस और फायर कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे रहे। घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यह पीडीए की बनायी गयी मार्केट है ।

# कांग्रेस ने वोट बैंक के तुष्टिकरण, भाजपा ने देशवासियों की संतुष्टिकरण पर ध्यान दिया : मोदी




**भोपाल, (वार्ता)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भारत के सामर्थ्य, कौशल और आत्मविश्वास का प्रतीक बताते हुए आज कहा कि पहले की सरकारों ने वोट बैंक के तुष्टिकरण पर ध्यान दिया जबकि उनकी सरकार ने देशवासियों की संतुष्टि पर फोकस किया है।

मोदी ने रानी कमलापति स्टेशन पर एक समारोह में भोपाल से दिल्ली के हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। श्री मोदी भोपाल के कुशा भाऊ ठाकरे हॉल में सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने के बाद रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार स्कूली बच्चों से बातचीत की। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद श्री मोदी ने बड़ी संख्या में मौजूद जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन विकसित होते भारत की उमंग तरंग तथा देश के कौशल, सामर्थ्य और आत्मविश्वास की प्रतीक है। इस ट्रेन से मध्य प्रदेश में पर्यटन और रोजगार तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत नयी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। पहले की सरकारें वोट बैंक के तुष्टीकरण में व्यस्त रहती थीं वहीं उनकी सरकार देशवासियों की संतुष्टि पर ध्यान दे रही है। पहले की सरकारों ने देश के एक परिवार की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने पर जोर लगाया और देश के आम लोगों के परिवारों को कोई पूछने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि भारत के आम परिवारों के लिए पसंदीदा यात्रा माध्यम रेल है। लेकिन आजादी के बाद अंग्रेज़ो से मिली रेलवे का आधुनिकीकरण इसीलिए नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में उनकी सरकार के आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण का संकल्प लिया गया और आज 11 राज्यों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। दुर्घटनाओं में जानमाल का नुकसान बीते समय की बात बन गयी है। रेलवे को अभूतपूर्व बजट आवंटन किया गया है। मध्य प्रदेश को 13000 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना से लाखों गरीब शिल्पकारों, बुनकरों के उत्पादों को देशव्यापी बाजार मिला है।

## विजयन और स्टालिन ने संयुक्त रूप से वैकोम सत्याग्रह के शताब्दी समारोह का किया उद्घाटन

**कोट्टायम, (वार्ता)**। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को वैकोम सत्याग्रह के शताब्दी समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री स्टालिन ने



केरल की वामपंथी सरकार को ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन के लिए आमंत्रित किये जाने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शताब्दी समारोह 603 दिनों तक चलेगा। यह ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाने वाले कार्यक्रमों द्वारा चिह्नित, केरल के पुनर्जागरण आंदोलन में एक मील का पत्थर।

विजयन ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष को यादगार बनाने के इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह समारोह एक मजबूत बयान बन गया है कि केरल के पुनर्जागरण आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को बनाए रखने के लिए संयुक्त संघर्ष अंततः प्रबल होगा।

## एदियुरप्पा ने बेटे विजएंद्र के वरुणा से चुनाव लडऩे की संभावनाओं को नकारा, शिकारीपुरा से लड़ेंगे

**बेंगलुरु, (भाषा)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने शुक्रवार को अपने बेटे बी वाई विजएंद्र को कांग्रेस नेता सिद्धरमैया के खिलाफ वरुणा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार



बनाए जाने से इनकार किया और कहा कि वह शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे।


एदियुरप्पा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, वरुणा से विजएंद्र को मैदान में उतारने का दबाव पहले से ही है, लेकिन मैंने बहुत पहले कहा है कि हालांकि वरुणा का दबाव है, लेकिन उन्हें शिकारीपुरा से चुनाव लडऩा चाहिए। इसलिए विजएंद्र के वरुणा से चुनाव लडऩे का कोई सवाल ही नहीं उठता। एदियुरप्पा ने कहा कि विजएंद्र मेरे निर्वाचन क्षेत्र (शिवमोगा जिले के शिकारीपुरा) से चुनाव लड़ेंगे, इसलिए उन्हें वरुणा से चुनाव लडऩे के लिए कहने का कोई सवाल ही नहीं है। विजएंद्र के इस बयान पर कि भाजपा की अपनी ताकत है और वह पार्टी के फैसले का पालन करेंगे, एदियुरप्पा ने कहा, उनका बयान सही है, लेकिन मैं कह रहा हूं कि वह शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे। मैं इस बात से पार्टी आलाकमान और विजएंद्र को अवगत करा दूंगा। उनके मैसूर में वरुणा से चुनाव लडऩे का कोई सवाल ही नहीं है। एदियुरप्पा शिकारीपुरा से मौजूदा विधायक हैं और पहले ही चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। एदियुरप्पा ने बृहस्पतिवार को वरुणा में अपने बेटे के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना से इनकार नहीं करके विजएंद्र और सिद्धरमैया के बीच जोरदार मुकाबले की उम्मीद बढ़ा दी थी।

## युवाओं के संकल्प से ही आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण होगा:शिवराज

**भोपाल, (वार्ता)**। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं प्रदेश के युवाओं के संकल्प, समर्पण और सामर्थ्य की शक्ति से भलीभाँति परिचित हूँ। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि कोई भी काम ऐसा नहीं जो हम नहीं कर सकते। प्रदेश के युवाओं पर भी यह बात पूरी तरह लागू होती है।



मुख्यमंत्री चौहान प्रदेश की युवा नीति और मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना पर युवाओं के प्रबोधन के लिए मुख्यमंत्री निवास परिसर में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। इसी क्रम में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश को गढ़ने के लिए युवा अपना हर संभव योगदान दे सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश के युवाओं के लिए उनके सुझावों को सम्मिलित करते हुए राज्य युवा नीति बनाई गई है। नीति में युवाओं को ही केंद्र में रखा गया है। हमारा प्रयास है कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता न देकर विभिन्न कौशल सीखने और अपने आपको रोजगार के लिए तैयार करने के अवसर उपलब्ध कराएँ। युवा नीति और रोजगार के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने का हमारा अभियान युवा शक्ति के सपनों को साकार करने में सहायक होगा और हम मिल कर एक नए मध्यदेश का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री ने एक शिक्षक के रूप में युवाओं को युवा नीति के विजन, उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र पर बिंदुवार प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना के विभिन्न पहलुओं पर भी युवाओं से विस्तार से चर्चा की। सांसद वी.डी. शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा उपस्थित थे। इंदौर में हुई घटना में ईश्वर से दिवंगत व्यक्तियों की आत्मा की शांति और उनके परिचित एवं परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।



# बच्चों को इंफ्लुएंजा से कैसे बचाएं?



## बच्चों को इससे बचाने के लिए अपनाएं ये 6 टिप्स

कोरोना वायरस के साथ ही देश में इंफ्लुएंजा के बढ़ते मामलों से भी लोग डरे हुए हैं। 2-3 महीनों से इंफ्लुएंजा वायरस के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इंफ्लुएंजा होने पर व्यक्ति को श्वसन संक्रमण, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो इंफ्लुएंजा वायरस किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों में इसका जोखिम अधिक रहता है। ऐसे में इंफ्लुएंजा के बढ़ते मामलों ने माता-पिता की चिंता बढ़ा दी है। अगर आपके घर में भी छोटे बच्चे हैं, तो आप कुछ उपायों की मदद से इससे बचाव कर सकते हैं। तो चलिए, विस्तार से जानते हैं बच्चों को इंफ्लुएंजा से कैसे बचाएं ?

**वैक्सीनेशन करवाएं**

बच्चों को इंफ्लुएंजा से बचाने के लिए वैक्सीनेशन करवाना बहुत जरूरी है। 6 महीने और उससे अधिक उम्र के लोगों को हर साल इंफ्लुएंजा का टीका लगवाने की जरूरत होती है। इसलिए आपको भी अपने बच्चे को समय-समय पर वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए।

**संक्रमित लोगों के संपर्क में आने से बचाएं**

अगर घर में कोई व्यक्ति इंफ्लुएंजा से संक्रमित हो गया है, तो बच्चों को उनके आस-पास जाने से बचाना चाहिए। बच्चों को बीमार लोगों के संपर्क से बचाना चाहिए।

**इम्यूनिटी मजबूत बनाएं**

बच्चों को इंफ्लुएंजा से बचाने के लिए उनकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली फ्लू सहित कई बीमारियों के खिलाफ काम कर सकता है। इसके लिए आप बच्चों को फलों और सब्जियों का सेवन करवाएं। इसके अलावा, दाल, जूस और सूप पिलाएं। इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए बच्चों के लिए पर्याप्त नींद भी बहुत जरूरी होता है। साथ ही, फिजिकल एक्टिविटी का भी ख्याल रखें।

**हाथों की हाइजीन का ख्याल रखें**

बच्चों को इंफ्लुएंजा से बचाने के लिए उनके हाथों की हाइजीन का ख या ल रखना ज रू री होता है। इ स के लिए बच्चों को खाना खाने से पहले हाथों को साबुन और पानी से धोना सिखाएं। साथ ही, हाथों से वायरस और बैक्टीरिया को मारने के लिए हैंड सैनिटाइजर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। साबुन और सैनिटाइजर वायरस को मारने में काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं।



**मुंह और नाक को ढकाकर रखें**

बच्चों को इंफ्लुएंजा से बचाने के लिए मुंह और नाक को ढकना बहुत जरूरी होता है। इससे आपका बच्चा संक्रमित व्यक्ति से बच सकता है। इसके अलावा, अगर आपके बच्चे को संक्रमण है और वह मुंह और नाक को ढककर रखता है, तो इससे दूसरे लोगों में संक्रमण फैलने से बच सकता है। आपको बता दें कि इंफ्लुएंजा का वायरस खांसने, छींकने और बात करने पर निकलने वाले बूंदों के माध्यम से फैल सकता है।

**आंखों, नाक और मुंह को छूने से बचें**

बच्चे अक्सर अपने हाथों से आंखों, नाक और मुंह को छूते रहते हैं। इससे संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में आ प को बच्चों को ब ता ना चाहिए कि आंखों, नाक और मुंह को छूने से बचना चाहिए। दरअसल, जब कोई व्यक्ति वायरस से दूषित चीज को छूता है और फिर आंखों, नाक या मुंह को छूता है, तो इससे संक्रमण फैलता है। अगर आप भी इन बातों का ध्यान रखेंगे, तो इससे बच्चों को इंफ्लुएंजा से बचाया जा सकता है।

## बच्चों को तरबूज खिलाने के फायदे

गर्मियों के मौसम में तरबूज बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। ऊपर से हरा और अंदर से लाल रंग का यह रसीला फल हर किसी का मन मोह लेता। तरबूज का स्वाद सभी को पसंद आता है। गर्मियों के मौसम में बच्चे खासकर तरबूज खाना बहुत पसंद करते हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है और तरबूज भी बाजार में आ गए हैं, तो आइए जानते हैं बच्चों के लिए इसके फायदों के बारे में।



**शरीर को रखता है हाइड्रेट**

गर्मियों के मौसम में तरबूज का सेवन करने से शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है। इसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा पानी पाया जाता है। यही कारण है कि तरबूज का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है।

**हड्डियों को बनाता है मजबूत**

तरबूज कैल्शियम और मैग्नीशियम का अच्छा सोर्स होता है। ये दोनों ही पोषक तत्व बच्चों की हड्डियों के विकास में मदद करते हैं। जिन बच्चों की हड्डियां कमजोर होती हैं उन्हें रोजाना 200 ग्राम तरबूज खाने की सलाह दी जाती है। कैल्शियम जैसा पोषक तत्व होने की वजह से तरबूज दांतों के लिए भी अच्छा होता है।



**इम्यूनिटी को करता है स्ट्रांग**

तरबूज़ में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है, जिसकी वजह से यह इम्यूनिटी को स्ट्रांग बनाने में मदद करता है। तरबूज़ पर हुई कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि इसका सेवन करने से रेड ब्लड सेल्स का निर्माण, नर्वस सिस्टम (तंत्रिका तंत्र) का विकास और मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**बच्चे किस उम्र से खा सकते हैं तरबूज-**

बच्चे को 6 महीने की उम्र से ठोस आहार देने की शुरुआत की जाती है। ऐसे में आप 6 महीने के बच्चों को भी तरबूज़ खाने के लिए दे सकते हैं। छोटे बच्चों को तरबूज़ देते समय ध्यान दें कि इसमें बीज न हों। इसके अलावा आप तरबूज़ को मैश करके या प्यूरी बनाकर भी बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**पाचन को सुधारता है**

तरबूज में डायट्री फाइबर पाया जाता है। फाइबर होने की वजह से यह पाचन संबंधी समस्याएं जैसे की पेट में दर्द, कब्ज, उल्टी और पेट फूलना जैसी प्रॉब्लम को भी ठीक करने में मदद करता है। गर्मियों के मौसम में जिन बच्चों का अक्सर पेट खराब रहता है, उन्हें तरबूज का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए है हेल्दी**

आज के दौर जहां छोटे बच्चों को भी हार्ट प्रॉब्लम का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में उन्हें तरबूज खिलाना बहुत फायदेमंद साबित होता है। तरबूज में लाइकोपीन नामक तत्व पाया जाता है। लाइकोपीन एक एंटीऑक्सीडेंट है जो हार्ट हेल्थ के लिए बहुत अच्छा होता है। यह छोटे बच्चे के कार्डीओवैस्क्यलर हेल्थ में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।

## आज का राशिफल

**उत्तराखंड प्रहरी आज के विचार**

**जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !**

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज प्रभावशाली लोगों के साथ संबंधों को सही करने का अवसर मिलेगा। सामाजिक दायरा बढेगा। इस समय कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव भी लाने की आवश्यकता है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**
आज स्थान परिवर्तन संबंधी कोई योजना कार्य रूप में परिणित होने की संभावना है। आपका संतुलित व्यवहार आपको शुभ और अशुभ प्रत्येक परिस्थितियों में सामंजस्य बनाकर रखने में मदद करेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज का समय अनुकूल है। व्यवसायिक स्थितियां और भी बेहतर हो रही हैं। लेकिन अभी कहीं भी पैसा निवेश ना करें, क्योंकि धोखाधड़ी में फंसने की आशंका है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
आज भावनाओं की बजाय चतुराई और विवेक से काम लेना परिस्थितियों को आपके पक्ष में करेगा। तथा घर के बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद व सहयोग मिलेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपकी व्यवसायिक परेशानी हल होगी। परंतु अपने ऑफिस या दुकान के स्टाफ पर कड़ी नजर रखें, उनकी मिलीभगत से कुछ नुकसान हो सकता है। आज कार्यक्षेत्र से जुड़े सभी फैसले स्वयं ही लें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज आपके लिए बेहतरीन धनदायक परिस्थितियां बनी हुई हैं। पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी आर्थिक नीतियों पर काम करें। आज आप अपनी किसी नकारात्मक बात को छोड़ने का भी संकल्प करें। विद्यार्थियों के कैरियर संबंधी किसी समस्या का समाधान होने से घर में खुशी भरा वातावरण रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आज भविष्य संबंधी किसी महत्वपूर्ण कार्य की रूपरेखा भी बनेगी। आय के मार्ग अभी मंद ही रहेंगे। परंतु वर्तमान गतिविधियों का शुभ परिणाम निकट भविष्य में जल्दी ही प्राप्त होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आज आर्थिक योजनाओं को फलीभूत करने का उचित समय है। आज कोई भूमि खरीद-फरोख्त संबंधी काफी काम संपन्न हो सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों के प्रति आपका योगदान आपको मानसिक सुकून प्रदान करेगा और मान-सम्मान भी बढ़ाएगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
इस समय पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में लाभदायक परिस्थितियां बन रही हैं। व्यापार को विस्तृत करने संबंधी योजनाएं भी बनेगी। सरकारी सेवारत लोगों के ऊपर अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज पिछली कुछ कमियों से सीखकर अपनी दिनचर्या में और बेहतर सुधार लाने की कोशिश करेंगे। जिसमें आप कामयाब भी रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के साथ समय व्यतीत करना आप में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आज व्यवसायिक गतिविधियां सामान्य रहेगी। परंतु इस समय अचानक ही कुछ खर्चों की स्थितियां सामने आएंगी। आर्थिक मामलों में पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज धर्म और अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। आपका प्रभावशाली तथा सकारात्मक व्यक्तित्व दूसरों के लिए उदाहरण बनेगा। यही स्वभाव आपके कार्य को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में भी मदद करेगा। युवा वर्ग भी गंभीरता से अपने जीवन के मूल्यों को समझेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com